# HEALTH AND HYGIENE



चर्चा में है ... | बिहार | मोतिहारी

## लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय मोतिहारी: विश्व योग दिवस के शुभ अवसर पर सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए ... “योग करो, निरोग रहो

June 21, 2020 News24ind 0 Comments

**Yoga Day Celebration**



**Poster Competition on AIDS DAY**



**WORLD BICYCLE DAY**

# एलएनडी कॉलेज में हुई प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखायी कला




प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य.

**प्रतिनिधि, मोतिहारी**

स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर एलएनडी कॉलेज में सोमवार को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों ने अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले प्रतिभागियों को कॉलेज प्रशासन की ओर से पुरस्कृत किया गया. प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार ने पोस्टर मेकर विद्यार्थियों का हौसला अफजाई की.इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ सुबोध कुमार ने उपस्थित विद्यार्थियों को सदियों पुरानी धारणा पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में हो माया का प्रसंग बताते हुए स्वस्थ रहने के टिप्स बताए. प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का मूल्यांकन दो सदस्यीय निर्णायक मंडल में शामिल डा.राधेश्याम तथा डॉ जौवाद हुसैन ने किया. पूजा कुमारी ने प्रथम स्थान, सूरज कुमार व काजल कुमारी ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा शिवसुजन कुमार व ऐश्वर्य प्रियदर्शिनी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया. पांचों विजेताओं को प्राचार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. वहीं प्राचार्य द्वारा 29 मार्च को रेडक्रॉस भवन में स्वैच्छिक रक्तदान करनेवाले दस रक्तदाताओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, जिसमें सुरभि, प्रतिमा, मनोज कुमार, प्रभात कुमार, विवेक कुमार, कृष्ण कुमार, विभाकर रंजन, अंकुर प्रकाश, सन्नी कुमार झा शामिल है. मौके पर डॉ.कुमार राकेश रंजन, डा. पिनाकी लाहा, प्रो.राकेश रंजन कुमार, एनएसएस स्वयंसेवकों में स्वर्णा, अवनी, संध्या, राकेश कु.शर्मा, विक्रम, शाईस्ता प्रवीण, अवनीश, आशुतोष, नेहा, आदर्श, उत्कर्ष रंजन झा, सुमन, कमलेश, हर्ष आनंद, रूपेश, प्रभात, अमन शर्मा, सौरभ शिखर, नवीन कु.झा, राजु, प्रिंस, लवली सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे. मंच का सफल संचालन ऐश्वर्य प्रियदर्शिनी ने की.

प्रभात खबर
Tue, 12 April 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/






**Celebration of FIT India Movement by NSS unit of L.N.D College, Motihari, 2019**







**Awareness Drive on HIV and PPTCT (Workshop) organised by Red Ribbon Club**

# योगा ऐट होम के तहत योग का किया गया पूर्वाभ्यास

- योग करने से मन व तन को मिलती है संतुष्टि
- स्वयंसेवकों ने अपने अपने घर पर किया योग

मोतिहारी, निज प्रतिनिधि। स्थानीय एलएनडी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों द्वारा रविवार को योग महोत्सव 2022 की सफलता को लेकर योग का पूर्वाभ्यास किया गया।

योगा ऐट होम के तहत इस पूर्वाभ्यास का नेतृत्व करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अरुण कुमार ने एनएसएस के स्वयंसेवकों का उत्साहवर्द्धन किया। उनके अनुसार वर्षों से फल-फूल रही योग की संस्कृति आज शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए एक अनुपम पथ प्रदर्शक बन गया है। उन्होंने कान्फ्रेंसिंग कॉल पर स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग से मन व तन को संतुष्टि तथा आंतरिक खुशी प्राप्त होती है। नियमित योगाभ्यास से विभिन्न व्याधियों पर विजय प्राप्त किया जा सकता है। एक योग करने वाला व्यक्ति योग न करने वाले व्यक्ति की अपेक्षा अधिक स्वस्थ और खुशी जीवन व्यतीत करता है। एनएसएस पीओ प्रो.अरविंद कुमार ने भी प्रातःकाल 7 से 8 बजे तक योगा ऐट होम कर पूर्वाभ्यास किया। इनके अनुसार शून्य बजट पर स्वास्थ्य बीमा को कवर करनेवाला योग कर व्यक्ति शारीरिक रूप से सक्रिय व तनावमुक्त रहता है। इससे आनंद की अनुभूति कर मन को प्रसन्न रखा जा सकता है। एनएसएस के सभी सक्रिय स्वयंसेवकों ने अपने-अपने घरों पर ही प्रातःकाल में विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन करते हुए योग के प्रति अपने पारिवारिक सदस्यों व आसपास के लोगों को जागरूक किया। मीडिया प्रभारी डॉ.कुमार राकेश रंजन ने बताया कि आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए 100 दिनों का काउंटडाउन 13 मार्च को प्रारंभ हुआ है जो 21जून तक चलेगा। इसके तहत देश के 100 शहरों में 100 दिनों तक 100 से ज्यादा संगठन योग के प्रति जागरूकता फ़ैलाने के लिए कार्यशाला, संगोष्ठी व विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं।योगा ऐट होम कर पूर्वाभ्यास करने वालों में प्रभात, आदर्श, सूरज, राकेश, मनोज, राहुल, आदित्य, शिवसूजन, सुमन, अनुपम, सनोज, सन्नी, कमलेश, प्रिंस, सोनल, सुरभि, शाईस्ता प्रवीण, स्वर्णा थे।



**YOGA AT HOME PROGRAMME**






**AIDS AWARENESS PROGRAMME**




दैनिक भास्कर मोतीहारी 24-12-2021

# एचआईवी संक्रमित व्यक्ति बेझिझक डॉक्टर से मिलें व समाधान खोजने की कोशिश करें : प्राचार्य

सिटी रिपोर्टर | मोतिहारी

शहर के एलएनडी कॉलेज में एचआईवी विसंक्रमण पर गुरुवार को एनएसएस की ओर से अहाना संस्था द्वारा उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि एचआईवी और एड्स का कोई भी इलाज अब तक नहीं खोजा जा सका है। लेकिन, इसका यह मतलब बिलकुल नहीं है कि पीड़ित व्यक्ति के लिए कोई मार्ग नहीं बचा है। एचआईवी से पीड़ित व्यक्ति को कदापि निराश नहीं होना चाहिए और उसे डॉक्टर से अविलंब बेझिझक संपर्क कर समाधान खोजने की कोशिश करनी चाहिए। इससे जीवन प्रत्याशा को बढ़ाया जा सकता है। जिला एड्स नियंत्री पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार राय ने रेड रिबन क्लब के सहभागियों से यह आह्वान किया कि वे यहां प्रशिक्षण लेकर एचआईवी व पीपीटीसीटी कार्यक्रम की संवेदनशीलता से समाज और विद्यार्थियों को जागरूक करें। क्योंकि, जानकारी ही इस बीमारी से बचाव का सशक्त माध्यम है। एनएसएस पीओ प्रो. अरविंद कुमार ने



उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्रतिभागिता प्रमाणपत्र के साथ एनएसएस स्वयंसेवक व अन्य।

एड्स एवं एचआईवी के संक्रमण, प्रसार व विसंक्रमण के संबंध में अहाना के प्रशिक्षण से लाभ लेकर स्वयंसेवकों को समुदाय को प्रशिक्षित करने के लिए उत्साहित किया। समेकित परामर्श एवं जांच केंद्र के परामर्शदाता डॉ. मिथिलेश कुमार ने एचआईवी के संक्रमण व जिले में उपलब्ध एआरटी जांच केंद्रों के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. जौवाद हुसैन, अहाना के फ्रंटलाइन वर्कर अजय कुमार, एनएसएस स्वयंसेवक ऐश्वर्या प्रियदर्शनी, सोनी, सिराज, स्वर्णा, अवनी, नेहा, सुमन, नीतू, शाईस्ता परवीन, जूही, अभिलाषा, श्वेता, नवीन चंद्र झा, रणधीर बिहारी, प्रभात कुमार सहित दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित थे। मंच का संचालन एनएसएस पीओ प्रो. अरविंद कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन मीडिया प्रभारी डॉ. कुमार राकेश रंजन ने किया।

**AIDS Red ribbon orientation by Ahana**





BORDER NEWS MIRROR

MOTIHARI

# एलएनडी कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जिले के एलएनडी कॉलेज में विश्व एड्स दिवस- 2021 दिवस के अवसर पर बुधवार को नव- निर्मित सभागार में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुबोध कुमार, प्रो. अरविंद कुमार व भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. पिनाकी लाहा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुबोध कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व एड्स दिवस 2021 की थीम "असमानताओं को समाप्त करें एड्स खत्म करें" इस वर्ष का मुख्य एजेंडा दुनिया भर में आवश्यक सेवाओं तक पहुँच में बढ़ती असमानताओं को उजागर करना है। यूएनएड्स के अनुसार असमानताओं को दूर किए बिना 2030 तक दुनिया से एड्स को समाप्त नहीं किया जा सकता है। आइए हमलोग आज संयमित जीवन जीने एवं चरित्र को ऊँचा उठाने हेतु शपथ लें। भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. पिनाकी लाहा ने उच्च संक्रमणशील एड्स एवं एचआईवी के अंतर्संबंध को बताते हुए दोनों के बीच सूक्ष्म अंतर को रेखांकित किया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर के माध्यम से एड्स जागरूकता का संदेश प्रसारित किया गया। प्रतियोगियों द्वारा बनाए गए पोस्टर/चित्रांकन का मूल्यांकन निर्णायक मंडली द्वारा किया गया। निर्णायक मंडली में भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश रंजन कुमार एवं उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. जौवाद हुसैन शामिल थे। इन पोस्टरों से एड्स बीमारी के प्रसार एवं रोकथाम का स्पष्ट संदेश परिलक्षित हो रहा था। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रैंकर को प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुबोध कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगियों में वनस्पति विज्ञान विभाग की शाईस्ता प्रवीण प्रथम रैंक, भौतिकी विभाग का आदर्श कुमार व बीएड की श्वेता कुमारी ने संयुक्त रूप से द्वितीय रैंक तथा सुमन कुमारी (अंग्रेजी) व उत्कर्ष रंजन झा (जंतु विज्ञान) ने संयुक्त रूप से तृतीय रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। प्रतिभागियों की ओर से ऐश्वर्या प्रियदर्शनी, अवनीश कुमार, राहुल कुमार, प्रिंस कुमार, राकेश कुमार शर्मा, रवि कुमार, सुनैना खातून सहित सभी विद्यार्थी शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन मीडिया प्रभारी डॉ. कुमार राकेश रंजन द्वारा किया गया।

**WORLD AIDS DAY POSTER COMPETITION**





मोतीहारी 02-10-2021

## एलएनडी कॉलेज में एनवाईके व एनएसएस स्वयंसेवकों ने सामुदायिक स्वच्छता व राष्ट्र स्वच्छता की ली शपथ

अभियान चलाकर स्वयंसेवक करेंगे सिंगल यूज़ प्लास्टिक अपशिष्टों का संग्रहण व उन्मूलन

एलएनडी कॉलेज में सामुदायिक स्वच्छता की शपथ लेते स्वयंसेवक।

**Inauguration of Clean India 2021**

# Closing of Clean India 2021






प्रभात खबर 01.11.2021

## बढ़ती कर्तव्य विमुखता की स्थिति में सत्यनिष्ठा से कर्तव्य पालन जरूरी

कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्राचार्य व अन्य.

**मोतिहारी.** नेहरू युवा केंद्र मोतिहारी और एनएसएस इकाई एलएनडी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रविवार को क्लिन इंडिया, स्वच्छ भारत अभियान एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया. प्राचार्य प्रो.(डॉ) अरुण कुमार, जिला युवा पदाधिकारी स्वरूप मु. देशभ्रतार तथा एनएसएस के जिला नोडल पदाधिकारी प्रो.अरविंद कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार ने कहा कि आज के परिवेश में सत्यनिष्ठा महत्वपूर्ण है. उन्होंने एक माह पूर्व इसी सभागार में लिए गए शपथ को स्मरण को याद दिलाया. उन्होंने स्वतंत्र भारत के बहुमूल्य शिल्पकार सरदार वल्लभ भाई पटेल की मिसाल पेश करते हुए बताया कि आज नागरिकों के बीच बढ़ती कर्तव्य विमुखता की स्थिति में सत्यनिष्ठा से कर्तव्य परायणता की आवश्यक है. सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार ने उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण भी किया. मीडिया प्रभारी डॉ कुमार राकेश रंजन ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय एकता में बहुत बल है, जिसमें देश की हर समस्या का हल है. मौके पर डॉ राधेश्याम, प्रो. रामप्रवेश, प्रो.जयपाल कुमार, प्रो. प्रमोद कुमार राम, रानू कुमारी, स्वयंसेवकों में राघव कुमार, रिंकु कुमारी, विवेक कुमार, अनुराधा कुमारी, लकली, रविशंकर पांडेय, शाइस्ता प्रवीण, नेहा तिवारी, शिवसुजन कुमार, उत्कर्ष रंजन झा, राकेश, आदर्श, अवनीश, सूरज, सुमित व एनसीसी कैडेट्स सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे.

**Closing of Clean India 2021**




**Fit India Freedom Run 2.0**




**Nasha Mukti Diwas 2021**

हिन्दुस्तान

एलएनडी कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवियों ने किया फिट इंडिया फ्रीडम रन

# स्वस्थ रहने के लिए सुबह में वर्कआउट करना जरूरी



02 से 21 अक्टूबर तक कार्यक्रम का आयोजन

03 संस्करण था यह फिट इंडिया फ्रीडम का

■ स्वयंसेवियों ने दौड़ का फोटो व वीडियो भेजे

**Fit India Freedom Run 2.0**

दैनिक भास्कर मोतीहारी 01-11-2022

आयोजन • कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवियों ने किया राष्ट्रीय एकता दौड़, वक्ताओं ने सरदार के जीवन पर डाला प्रकाश

# लोगों ने गांव, कस्बे व मोहल्ले में राष्ट्रीय ध्वज के साथ दौड़ लगा एकता के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई





सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर छात्रों ने बाइक रैली निकाली

**Ekta Diwas Run 2022**

दैनिक भास्कर मोतीहारी 01-06-2022

सुगौली • मोतिहारी आसपास

नशे से होने हानि की जानकारी दी • तंबाकू का जानलेवा नशा मनुष्य के अनमोल जीवन की दुर्दशा कर देता है : प्रो.अरुण

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एलएनडी कॉलेज से स्वयंसेवकों ने निकाला जागरुकता मार्च

तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए है हानिकारक, घर की खुशियों के लिए तंबाकू सेवन की आदत छोड़ें



मोतीझील तक निकाला गया मार्च, लोगों ने नारे भी लगाए

**World NO TOBACCO DAY 2022**




**Blood Donation Camp 2022**




**Blood Donation Camp 2023**




*World Health Day 2023*





I






*Clean India 2.0 (2022)*






**WEBINAR ON COVID -19**

## कोरोना का समाज पर दीर्घकालीन प्रभाव– प्रो अरुण कुमार



### एलएनडी कॉलेज में कोविड-19: समाज के लिए वैज्ञानिक एवं आर्थिक पहलू विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय बेव संगोष्ठी

डेली वर्ल्ड रिपोर्टर/मोतिहारी

मोतिहारी। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी अभियान एक भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय में सोमवार को कोविड-19: समाज के लिए वैज्ञानिक एवं आर्थिक पहलू विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय बेव संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ अरुण कुमार ने कहा कि कोविड-19 संकट से समाज के वैज्ञानिक एवं आर्थिक पहलू पर अल्पकालीन हीं नहीं बल्कि दीर्घकालीन प्रभाव पड़ा है। प्रथम सत्र में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो दुर्गेशमणि तिवारी ने कोविड-19 संकट के आर्थिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों तथा महिला उद्यमशीलता को प्रोत्साहित कर ग्रामीण भारत की दशा व दिशा परिवर्तित की जा सकती है।

उन्होंने वैश्विक वृद्धि दर तथा आईएलओ के आंकड़ों का विश्लेषण कर न्यूनतम मजदूरी व सामाजिक सुरक्षा पर भी ध्यान आकृष्ट किया। द्वितीय सत्र में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो अरविंद कुमार ने कोविड-19 की उत्पत्ति, संरचना, प्रसार एवं रोकथाम पर वैज्ञानिक तरीकों से विचार साझा किया।

उन्होंने कोविड-19 संकट से उत्पन्न वैज्ञानिक शब्दावलियों से प्रतिभागियों को परिचित कराया। संगोष्ठी के अंत में समन्वयक डॉ.पिनाकी लाहा ने प्राचार्य, दोनों विद्वान वक्त-ाओं एवं सभी सक्रिय प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कोविड-19 संकट के आर्थिक पहलुओं पर चर्चा

प्रतिनिधि ▷ मोतिहारी


**शहर** के एलएनडी कॉलेज में सोमवार को कोविड-19 समाज के लिए वैज्ञानिक एवं आर्थिक पहलू विषय पर एक दिवसीय वेब संगोष्ठी का आयोजन किया गया. प्राचार्य प्रो. (डॉ) अरुण कुमार ने जूम एप पर प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि कोविड-19 संकट से समाज के वैज्ञानिक एवं आर्थिक पहलू पर अल्पकालीन ही नहीं, बल्कि दीर्घकालीन प्रभाव पड़ा है.


प्रथम सत्र में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. दुर्गेशमणि तिवारी ने कोविड-19 संकट के आर्थिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों तथा महिला उद्यमशीलता को प्रोत्साहित कर ग्रामीण भारत की दशा व दिशा परिवर्तित की जा सकती है. द्वितीय सत्र में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अरविंद कुमार ने कोविड-19 की उत्पत्ति, संरचना, प्रसार एवं रोकथाम पर वैज्ञानिक तरीकों से विचार साझा किया. उन्होंने कोविड-19 संकट से उत्पन्न वैज्ञानिक शब्दावलियों से प्रतिभागियों को परिचित कराया.


संगोष्ठी के अंत में कार्यक्रम समन्वयक डॉ पिनाकी लाहा ने अध्यक्ष-सह-प्राचार्य, दोनों विद्वान वक्ताओं एवं सभी सक्रिय प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद किया. मीडिया प्रभारी डॉ कुमार राकेश रंजन ने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना के प्रोन्नयन के लिए इस महाविद्यालय में अब प्रत्येक माह कम-से-कम एक राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी का आयोजन कराया जाएगा.

प्रभात खबर Tue, 02 June 2020 https://epaper.prabhatkhabar.com/c,

**National Webinar "COVID-19: Its Scientific and Economic Aspects For The Society"**






**NSS unit of L.N.D College, Motihari has participated in NSS Volunteers Orientation on Stigma & Discrimination and Psycho Social Support (PSS) organised by State Health Society, Bihar during outbreak of COVID-19.**




**_Anti-Terrorism Day 2023_**




**_Angdaan Diwas Human Chain_**